दिनांक 28-2-2017 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में ‘इंटरप्रेन्यूर क्लब’ के तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गयी । जिसका विषय था- “उद्यमिता : आपका भविष्य, देश की ज़रूरत” । अग्रवाल महाविद्यालय प्राचार्य डॉo कृष्णकांत गुप्ता की प्रेरणा से इस कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ । इस कार्यक्रम के संयोजक डॉo मनोज शुक्ला एवं उनकी सहयोगी डॉo शिल्पा गोयल के सहयोग से इस कार्यशाला का समापन हुआ ।

इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में डॉo जया थीं । श्रीमती नीता आहूजा, श्रीमती अनिशा, श्रीमती निधि, श्रीमती गुंजन व निधि गर्ग इन सभी महिला वक्ताओं ने स्व परिचय देते हुए बताया कि किस प्रकार ये सभी महिलाएं मध्यम वर्ग से सम्बन्ध रखती थीं और किस प्रकार उद्यमी बनकर आत्मनिर्भर बनीं । अपनी जीवनियों के माध्यम से अनेकों उदाहरण देते हुए उन्होंने समस्त छात्राओं को प्रोत्साहित किया ।

महिलाएं नौकरियों के साथ-साथ उद्योगों के माध्यमों से भी समाज में अपनी भागीदारी दर्ज करा सकती है । अपने उद्योग किस प्रकार से प्रारम्भ कर सकती हैं और उनमें आई चुनौतियों का सामना कितनी निर्भीकता से कर सकती हैं ? इन सभी पहलुओं पर विचार विमर्श करते हुए उन्होंने समस्त छात्राओं में आत्म निर्भरता की भावना जाग्रत की जिससे छात्राएं स्वाबलंबी बनें । सेमीनार में छात्राओं ने अनेक प्रश्नों के माध्यमों से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया और छात्राओं के उत्साहवर्धन हेतु आयोजकों की और से उपहार स्वरूप वाद विवाद में भाग लेने वाली छात्राओं को चॉकलेट इत्यादि वितरित की गयी ।

आज की छात्राएं कल का भविष्य हैं । यदि कुछ छात्राएं भी उद्यम की और उन्मुख हो जाएं तो इस एक दिवसीय कार्यशाला की सार्थकता सिद्ध होगी । इन्हीं विचारों के साथ यह कार्यशाला समाप्त हुई ।

मंच संचालिका शुभ्रा चौधरी थीं। डॉ० मनोज शुक्ला के धन्यवाद ज्ञापन से इस कार्यशाला का समापन हुआ। इस सुअवसर पर डॉ० उषा चौधरी, डॉ० रेनू माहेश्वरी, श्रीमती नीलम इत्यादि प्रवक्ता उपास्थि थे